बिहार पशु चिकित्सा संघ

कार्यालय – विद्यापति मार्ग, पटना–800001

Email- bvapatna@gmail.com

डॉ० राय चन्द्र पासवान
अध्यक्ष
मो० 9471867310

डॉ० विनोद कुमार मुक्ता
प्रधान महासचिव
मो० 7488601083

पत्रांक- 70 दिनांक- 25.08.2020

महासचिव
डॉ० दिलीप कुमार
मो० 9801881887
उपाध्यक्ष
डॉ० शोभा कुमारी
मो० 7858012676
डॉ० जितेन्द्र कुमार भोला
मो० 6203955586
डॉ० सुधांशु कुमार
मो० 9939365429
डॉ० अंजनी कु० सिन्हा
मो० 9334164261
संगठन सचिव
डॉ० अनिल कुमार निर्झर
मो० 8002460154
कोषाध्यक्ष
डॉ० जितेन्द्र प्रसाद
मो० 9431033631
वित्त सचिव
डॉ० प्रमोदानंद लाल दास
मो० 9431472705
अंकेक्षक
डॉ० विजय प्रसाद मंडल
मो० 9430947979
तकनीकी सचिव
डॉ० सीमु
मो० 9471642606
प्रचार सचिव
डॉ० अंशु कुमार
मो० 9572165500
क्षेत्रीय सचिव
डॉ० सत्य नारायण यादव
मो० 9204908025
डॉ० संजीत कुमार
मो० 7070521479
डॉ० पंकज कुमार
मो० 8178451672
डॉ० करूणा भारती
मो० 9905277744
डॉ० साकेत कुमार
मो० 9471404196
डॉ० राजशेखर
मो० 7979085551
डॉ० निरंजन कुमार
मो० 9162394546
डॉ० उपेंद्र कुमार चौधरी
मो० 7091974830

सेवा में,

माननीय मुख्य मंत्री महोदय,

बिहार।

विषयः–बिहार पशु चिकित्सा सेवा नियमावली – 2014 के अनुसार प्रोन्नति के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्तर का वेतनमान क्रमशः Level — 11, 12, 13 एवं 13A की स्वीकृति देने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सादर सूचित करना है कि बिहार पशु चिकित्सा सेवा (नियुक्ति एवं सेवा शर्त्त) नियमावली – 2014, बिहार सरकार के राजपत्र (असाधारण अंक) में अधिसूचना संख्या – 4288, दिनांक 11–12–2014 के द्वारा प्रकाशन की तिथि से ही प्रवृत है। नियमावली के अध्याय –2 कंडिका 3(5) के द्वारा सामान्य संवर्ग के लिए पदसोपान इस प्रकार स्वीकृत है (अनुलग्नक–1, पृष्ठ सं0– 01 से 08) यथाः–

1. प्रखंड पशुचिकित्सा पदाधिकारी एवं उसके समकक्ष (मूल कोटि)।
2. अनुमंडल स्तर के पद यथा अनुमंडल पशुपालन पदाधिकारी एवं समकक्ष पद (प्रथम प्रोन्नति स्तर)।
3. जिला स्तर के पद यथा जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं समकक्ष पद (द्वितीय प्रोन्नति स्तर)।
4. प्रमंडल स्तर के पद यथा क्षेत्रीय स्तर एवं समकक्ष पद (तृतीय प्रोन्नति स्तर)।
5. अपर निदेशक, पशुपालन निदेशालय (चतुर्थ प्रोन्नति स्तर)।

महाशय सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या –7433, दिनांक 05.06.2018 के आलोक में बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों को प्रोन्नति के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्तर के लिए वेतनमान क्रमशः Level — 11, 12, 13 एवं 13A अनुमान्य होता है, जिसके लिए प्रशासी विभाग के द्वारा वित्त विभाग को प्रस्ताव भी भेजा गया था :(अनुलग्नक–2, सा0 प्र0 वि0 का सं0 सं0 – 7433, पृष्ठ सं0–09 से 12) ।

परंतु विश्वस्त सुत्रों से ज्ञात हुआ है कि पूर्व से प्रवृत नियमावली एवं प्रशासी विभाग के प्रस्ताव की अनदेखी करते हुए वित्त विभाग द्वारा प्रोन्नति के मात्र दो (02) स्तर (वेतनमान Level — 11 एवं 12) की स्वीकृति दी गई है तथा नियमावली को ही संशोधन करने को कहा गया है, जबकि राज्य के अन्य सभी सेवा संवर्ग को उनके नियमावली के अनुरुप ही पदसोपान एवं प्रोन्नति

का लाभ मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि बिहार स्वास्थ्य सेवा, अभियंत्रण सेवा, बिहार प्रशासनिक सेवा सहित कई अन्य सेवा के पदाधिकारी का सेवा Level —9 में प्रवेश में होता है तथा Level —14 तक प्रोन्नति प्राप्त होता है।

बिहार पशु चिकित्सा सेवा संवर्ग, बिहार स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के तरह ही बहुत बड़ा संवर्ग है, जिसमें प्रखंड के नीचे स्तर से लेकर निदेशालय स्तर तक का पद सृजित एवं स्वीकृत है। इसलिए अनुमंडल स्तर, जिला स्तर, प्रमंडल स्तर एवं निदेशालय स्तर पर प्रोन्नति का पद होना नितांत आवश्यक है। पूर्व में भी अपर निदेशक का पद प्रोन्नति के चतुर्थ स्तर (तत्कालीन वेतनमान 4500—5700) का रहा है (अनुलग्नक—3, पृष्ठ सं0— 13 से 15) ।

महोदय राज्य के विकास में पशुधन एवं पशुचिकित्सकों का बहुत बड़ा योगदान है, इसलिए भवदीय द्वारा स्वयं पशुचिकित्सकों को मानव चिकित्सकों के समरुप वेतनादि का लाभ दिये जाने का घोषणा किया जा चुका है।

अतः महोदय से अनुरोध है कि अन्य सेवा संवर्गो के तरह ही बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों को भी बिहार पशु चिकित्सा सेवा नियमावली – 2014 के अनुसार प्रोन्नति के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्तर के लिए वेतनमान क्रमशः Level — 11, 12, 13 एवं 13A की स्वीकृति देने की कृपा प्रदान की जाय।

विश्वासभाजन

ह0/-

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)

प्रधान महासचिव

ज्ञापांक ......70....../ बिप0चि0संघ पटना, दिनांक......25......अगस्त, 2020

प्रतिलिपिः— माननीय उप मुख्य मंत्री महोदय, बिहार, पटना / माननीय मंत्री महोदय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना / मुख्य सचिव, बिहार / प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना / सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

अनुलग्नकः—यथोक्त।

Bhukta

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)

प्रधान महासचिव